दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 10 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 253

# नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार बने भारत के प्रधानमंत्री

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

नईदिल्ली | आरएनएस

नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बन गए हैं. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए ने बहुमत हासिल किया है.

नरेंद्र मोदी (73) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले दूसरे नेता होंगे. नेहरू ने 1952, 1957 और 1962 के आम चुनावों में जीत हासिल की थी.

पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हुए.

पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल हुईं. इसमें उद्योगपति गौतम अडानी, मुकेश अंबानी, अभिनेता शाहरुख खान, अक्षय कुमार, टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू शामिल हुए.

### मोदी सरकार में राजनाथ, अमित शाह बने मंत्री, नड्डा की हुई वापसी

लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के पद की शपथ ले ली है।उनके साथ 71 और सांसदों को भी मंत्री पद की शपथ



दिलाई गई है। इसी के साथ ही मोदी जवाहरलाल नेहरू के बाद तीसरी बार शपथ लेने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं।

शपथ लेते ही मोदी ने अपने नाम कई बड़े रिकॉर्ड किए हैं। वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं।इसके अलावा वे स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के अलावा एकमात्र ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिन्होंने अपने नेतृत्व में लगातार 3 लोकसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई है।वे आजादी के बाद से 3 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले तीसरे व्यक्ति भी बन गए हैं।

मोदी तीसरे ऐसे नेता हैं, जिनकी सरकार ने 5-5 साल के लगातार 2 कार्यकाल पूरे किए हैं। इससे पहले नेहरू और डॉक्टर मनमोहन सिंह ने ये कारनामा किया है। ऐसा करने वाले मोदी पहले गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं।1967 में इंदिरा गांधी ने 5 साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही मध्यावधि चुनाव करवा लिया था। बड़ा फर्क ये भी है कि मोदी ने अपने दोनों कार्यकाल में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई थी।

मोदी देश के राजनीतिक इतिहास में अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जो करीब 13 साल तक मुख्यमंत्री रहे और फिर सीधा प्रधानमंत्री चुने गए। लगातार 10 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बाद अब वे अपना तीसरा कार्यकाल शुरू कर रहे हैं।करीब 23 साल से वे लगातार मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पदों पर हैं।2001 से लेकर 2014 तक वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और 2014 से लेकर 2024 तक प्रधानमंत्री पद पर रहे।

मोदी 7 अक्टूबर, 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने और करीब 13 साल तक इस पद पर रहे। गुजरात की स्थापना के बाद से वे लगातार 4 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले एकमात्र मुख्यमंत्री हैं।उनके नाम सबसे लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड है। उनके नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात में लगातार 3 विधानसभा चुनाव भी जीते हैं। वे 23 वर्षों में अब तक 6 बार शपथ ले चुके हैं।

प्रधानमंत्री के उपरांत उनकी कैबिनेट के सदस्यों ने मंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में सहयोगी दलों, देश के विभिन्न क्षेत्रों व अनुभव को समुचित प्रतिनिधित्व दिया है।

प्रधानमंत्री के तुरंत बाद राजनाथ सिंह और फिर अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। बीती सरकार में राजनाथ सिंह रक्षा और अमित शाह गृह मंत्री थे। अमित शाह के उपरांत नितिन गडकरी ने मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। नितिन गडकरी के उपरांत नड्डा ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। बतौर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी माह समाप्त हो रहा है। उनकी केंद्र सरकार में वापसी हुई है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व इस बार विदिशा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए शिवराज सिंह चौहान पहली बार मोदी सरकार का हिस्सा बने हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के उपरांत शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। शिवराज सिंह चौहान के बाद पिछली सरकार में वित्त मंत्री रही निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद डॉ. एस जयशंकर ने मंत्री पद की शपथ ली, पिछली सरकार ने वह विदेश मंत्री थे।

फिलहाल राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण जारी है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक-एक करके मोदी सरकार के मंत्रियों को शपथ दिला रही हैं.

शपथ ग्रहण समारोह में 7 देशों के नेता, अक्षय कुमार, शाहरुख रजनीकांत जैसे फिल्म स्टार तो दूसरी और श्रमिक व सफाई कर्मचारी भी इस खास कार्यक्रम के अतिथि थे।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कई विदेशी मेहमान राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मौजूद थे। इनमें नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के प्रधानमंत्री व मालदीव के राष्ट्रपति शामिल थे। सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति, अहमद अफीफ व मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी यहां पहुंचे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली के कनॉट प्लेस में गेमिंग शॉप में लगी आग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के कनॉट प्लेस में रविवार को थीम बेस्ड एडवेंचर गेम्स की दुकान में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार, कनॉट प्लेस के एम-ब्लॉक में गेमिंग शॉप मिस्ट्री रूम में आग लगने की सूचना दोपहर 3 बज कर 21 मिनट पर प्राप्त हुई। उन्होंने कहा, घटनास्थल पर कुल पांच गाडियां भेजी गई हैं और आग पर काबू पा लिया गया है। गर्ग ने कहा, आग बुझाने के बाद तलाशी अभियान जारी है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। गर्ग ने कहा, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### ठाणे, पालघर में भारी बारिश, कुछ इलाकों में जलभराव

**ठाणे/पालघर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के ठाणे और पालघर जिलों में रात भर भारी बारिश हुई जिससे कुछ इलाकों में जलभराव हो गया. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने कहा कि ठाणे शहर के कुछ इलाकों में पेड़ों के गिरने की खबरें हैं. रविवार को सुबह 8.30 बजे समाप्त 24 घंटे की अवधि के दौरान ठाणे शहर में 37.06 मिमी बारिश हुई. ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि शनिवार देर रात 12.30 बजे से 1.30 बजे के बीच अधिकतम 16.76 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि तडक़े 3.30 से 4.30 बजे के बीच 10.93 मिमी बारिश हुई. जिला आपदा प्रबंधन कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि बारिश के कारण ठाणे के कुछ इलाकों में जलभराव हो गया. जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने कहा कि पड़ोसी पालघर में भी भारी बारिश हुई.

### यूपी और पूर्वी भारत में अगले पांच दिन लू का अलर्ट, महाराष्ट्र में भारी बारिश की चेतावनी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में अभी भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही. देश के उत्तरी राज्यों में लू की स्थिति बनी हुई है. ज्यादातर स्थानों पर तापमान अब भी 45 डिग्री से ऊपर बना हुआ है. वहीं दक्षिण के राज्यों में मानसून आने के बाद से बारिश का दौर शुरू हो गया है. बता दें कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल में दो जून को दस्तक दी थी. उसके बाद से केरल और उसके आसपास के राज्यों में बारिश शुरू हो गई. अब मानसून आगे बढ़ रहे है. बताया जा रहा है कि मानसून ने महाराष्ट्र के साथ-साथ गोवा और कोंकण में भी दस्तक दे दी है. ऐसे में यहां भी बारिश का दौर शुरू हो गया है. इसी बीच मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया है, मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक देश के पूर्वी हिस्से के अलावा उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी से राहत नहीं मिलेगी.

## मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकराई कार, 5 लोगों की मौत

लखनऊ | आरएनएस

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के मुंशीगंज क्षेत्र में रविवार को एक कार के मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एक पेड़ से टकराने की घटना में एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा पांच लोग घायल हो गए. पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मुंशीगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर में जामो-भादर मार्ग पर एक कार के सामने अचानक मोटरसाइकिल आ गई जिससे कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई और फिर कार एक पेड़ से जा टकराई.

उन्होंने बताया कि इस हादसे में 10 लोग घायल हो गये. स्थानीय लोग सात साल के बच्चे को भेटुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां से उसे सुलतानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गयी. सूत्रों ने बताया कि शेष घायलों को गौरीगंज के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सुलतानपुर के कुड़वार इलाके की रहने वाली शबनम (35), वंदना पाठक (29), उसके सात साल के बेटे, भाई दुर्गेश उपाध्याय (35) तथा एक अज्ञात महिला को मृत घोषित कर दिया.

सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. उनमें से तीन को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है. दो अन्य लोगों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है.

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के बाद खाई में गिरी बस, 10 लोगों की मौत

जम्मू-कश्मीर | आरएनएस

जम्मू-कश्मीर से बड़ी आतंकवादी घटना की खबर सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर आतंकवादियों ने हमला किया है।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक इस आंतकवादी हमले में दस लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। बस शिवखोड़ी मंदिर से कटरा लौट रही थी तभी आतंकवादियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। हमले के बाद बस खाई में गिर गई। बस में लगभग 50 लोग मौजूद थे।



बताया जाता है कि बस जैसे ही जंगल के इलाके में पहुंची, घात लगाए आतंकियों ने बस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों की गोलीबारी से घबराए ड्राइवर ने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया और बस खाई में जा गिरी।

फिलहाल सेना की ओर से बचाव अभियान जारी है। घटनास्थल पर पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त टुकडिय़ां पहुंच गई हैं। आतंकियों की तलाश में भारतीय सेना, सीआरपीएफ, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

घटनास्थल के आसपास के रहने वाले स्थानीय लोग बचाव कार्य में लगे हुए हैं। सहायता के एंबुलेंस पहुंच चुकी है। सूत्रों के मुताबिक आतंकवादियों का समूह राजौरी, पुंछ और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपा हुआ है।

## अनामिका राजीव ने रचा इतिहास, भारतीय नौसेना में बनीं पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट : मिला गोल्डन विंग्स का तमगा

चेन्नई | आरएनएस

भारतीय नौसेना के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है! अनामिका बी राजीव भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बन गई हैं! शुक्रवार को अराक्कोनम के आईएनएस राजाली में हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग स्कूल में एक हेलीकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें गोल्डन विंग्स से सम्मानित किया गया.

अनामिका उन ट्रेनीज़ में थीं जिन्होंने हेलीकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स और चौथे बेसिक हेलीकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स के स्टेज 1 ट्रेनिंग के दो कोर्स के ग्रेजुएशन को चिह्नित करते हुए एक पासिंग आउट परेड में भाग लिया.

ईस्टर्न नेवल कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढरकर ने पासिंग आउट परेड में अनामिका राजीव और 20 ऑफिसर कैडेट्स को गोल्डन विंग्स प्रदान किए.



यह गोल्डन विंग्स 22 हफ़्तों के कठिन ट्रेनिंग प्रोग्राम के सफल समाप्ति का प्रतीक है जिसमें हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग स्कूल में कठोर उड़ान और भूमि प्रशिक्षण शामिल था.

पेंढरकर ने पासिंग आउट परेड में कहा, हमारे वायु सेना का हेलीकॉप्टर धारा अपने सबसे मांगलिक लेकिन दुर्जेय आयामों में से एक है. मांगलिक - क्योंकि पायलटों को समुद्र में एक छोटे डेक् से सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिए अपने सभी अर्जित कौशल और कुशलता लाने की आवश्यकता होगी, जो कि किनारे के बेसों के विपरीत, तीनों आयामों में चलने वाला है. दुर्जेय - क्योंकि आधुनिक हेलीकॉप्टर अत्यधिक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म हैं जो उस प्लेटफॉर्म की अग्निशक्ति और लड़ाई क्षमता को काफी बढ़ाते हैं जिससे वे संचालित होते हैं.

यह घटना भारतीय नौसेना के लिए एक ऐतिहासिक पल है और यह दिखाता है कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर सकती हैं. अनामिका राजीव की यह उपलब्धि दुनिया भर की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है.

## मुंबई एयरपोर्ट पर एक ही रनवे पर दो विमान! एक लैंडिंग तो दूसरा उड़ने के लिए था तैयार

### डीजीसीए कर रहा जांच

मुंबई | आरएनएस

मुंबई हवाई अड्डे पर इंडिगो विमान के उतरने के एक मिनट से भी कम समय में एयर इंडिया का एक विमान उसी हवाई पट्टी से उड़ान भरने लगा. अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मामले की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) कर रहा है. उन्होंने कहा कि डीजीसीए ने शनिवार को घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को निलंबित कर दिया है, जबकि इंडिगो ने मामले की जांच शुरू कर दी है. एक ही रनवे पर एक विमान के उतरने और दूसरे विमान के उड़ान भरने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है.

डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा, हम जांच कर रहे हैं और घटना में शामिल एटीसीओ को पहले ही ड्यूटी से हटा दिया गया है. मुंबई हवाई अड्डा एकल रनवे पर संचालित होता है, जिसमें दो क्रॉसिंग रनवे हैं. मुंबई हवाई अड्डे के एक रनवे आरडब्ल्यू27 पर प्रति घंटे लगभग 46 आगमन और प्रस्थान होते हैं. इंडिगो ने बयान में कहा, आठ जून को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई हवाई अड्डे पर एटीसी द्वारा उतरने की मंजूरी दी गई. प्रभारी पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक सूत्र ने कहा कि नियम के अनुसार, प्रस्थान करने वाले विमानों को हवाई पट्टी के अंत को पार करना होता है या मोड़ लेना होता है, जिसके बाद ही एटीसी आने वाले विमानों के लिए उतरने की मंजूरी जारी कर सकता है. उन्होंने कहा, कथित रूप से इस मामले में इन नियमों का पालन नहीं किया गया.

## जम्मू-कश्मीर में 70 से ज्यादा विदेशी आतंकवादी सक्रिय, 15वीं कोर के जीओसी ने की पुष्टि

श्रीनगर

श्रीनगर स्थित सेना की 15वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश में विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर.आर. स्वैन द्वारा बताये गये आंकड़ों की पुष्टि की।

उत्तरी कश्मीर के बारामूला में जनरल बिपिन रावत स्टेडियम में कारगिल के युद्धवीरों के सम्मान समारोह से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा, डीजीपी आर.आर. स्वैन ने जम्मू-कश्मीर में 70-80 विदेशी आतंकवादियों के सक्रिय होने की जो बात कही है वह सही है। जीओसी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने अब स्थानीय की बजाय विदेशी आतंकवादियों पर फोकस करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, सभी सुरक्षा एजेंसियां पूरे तालमेल के साथ इन विदेशी आतंकवादियों से निपट रही हैं।

दक्षिण कश्मीर में सबसे लंबे समय तक एलईटी का कमांडर रहे रियाज दार के मारे जाने पर जीओसी ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ हर अभियान सफल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कश्मीर में एलओसी पर हालात स्थिर हैं। उन्होंने सेना के हिमालयन रेजिमेंट की तारीफ करते हुए कहा, कारगिल युद्ध में इस रेजीमेंट ने दुश्मनों को करारी शिकस्त दी।

जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि घाटी में सुरक्षा के हालात स्थिर बने हुए हैं और आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान हालत स्थिर बनाए रखने के लिए सभी उपाय किये गये हैं।

## गाजा में इजरायली हवाई हमले में 210 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा

गाजा पट्टी में ताजा इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 210 फिलिस्तीनी मारे गए और 400 से अधिक अन्य घायल हो गए. इजरायली सेना ने कहा कि उसने इस दौरान चार बंधकों को छुड़ा लिया है.

सेंट्रल गाजा के डेर अल-बलाह में अल-अक्सा अस्पताल के निदेशक खलील अल-दकरान ने सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली बमबारी के कारण बड़ी संख्या में घायल फिलिस्तीनियों को अस्पताल भेजा गया है, जिनमें से कुछ की मौत की पुष्टि हो गई है.

फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली विमानों ने इस इलाके को निशाना बनाया और जबरदस्त बमबारी की. इस इलाके में काफी देर तक धुआं उठते हुए देखा गया. फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि नुसेरत शिविर पर



फिलिस्तीनी आतंकवादियों और इजरायली सैनिकों के बीच घातक झड़पें हुईं. इस दौरान इजरायली सैनिकों ने कई आतंकवादियों को मार गिराया.

हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हनीयेह ने एक बयान में कहा कि इजरायल ने बच्चों और महिलाओं को निशाना बनाया. उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी आत्मसमर्पण नहीं करेंगे. फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी ने एक प्रेस बयान में कहा कि यह युद्ध सब कुछ नष्ट कर देगा. किसी को सुरक्षा या शांति हासिल नहीं होगी.

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गाजा पर युद्ध को रोकने का आह्वान किया. इजरायली सेना, पुलिस और खुफिया निकाय शिन बेट ने एक संयुक्त बयान में कहा कि उसने चार इजरायली बंधकों को मुक्त कराया है. मुक्त किये गए बंधकों को इजरायल के तेल हाशोमर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है.

गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र में चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या अब बढक़र 36,801 हो गई है, जबकि 83,680 लोग घायल हुए हैं. चार लोगों को छुड़ाए जाने के बाद, गाजा पट्टी में अब 120 इजरायली बंधक बचे हैं, जिनमें से 43 को इजरायल ने मृत मान लिया है.